हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

09 पिछले 25 वर्षों में धमतरी जिले की कृषि व्यवस्था ने उल्लेखनीय ...



10 युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता का पुतला फूंका





प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed BCA PGDCA
DCA B.P.Ed. B.P.E.S
B.COM B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देने के लिए तैयार स्कूलों में बदहाली

# हाल ए सेजेस : न गणवेश मिला और न पूरी पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी आत्मानंद स्कूल के 9 हजार छात्रों को गणवेश नहीं मिला है। गणवेश नहीं मिलने का यह सिलसिला पिछले चार साल से चला आ रहा है। सरकारी स्कूल होने के बाद भी यहां पालक खुद गणवेश खरीद रहे हैं। यही नहीं पुस्तकें भी आधी अधूरी मिली हैं।

प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देने के लिए पूरे राज्य में स्वामी आत्मानंद स्कूल की स्थापना की गई है। इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता अच्छी है, लेकिन अब सरकार ने इस ओर ध्यान देना कम कर दिया है। शायद यही कारण है कि ये स्कूल अभाव झेल रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल. 12 स्वामी आत्मानंद उत्कष्ट विद्यालय हैं। धमतरी विकासखंड में हटकेशर, बठेना, गोकुलपुर, कंडेल, आमदी, कुरूद विकासखंड में कुरूद, भखारा, नगरी विकासखंड में नगरी, सिंगपुर में भैंसमुंडी और सिंगपुर में स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में इंग्लिश मीडियम में 4658 और हिन्दी मीडियम में 4163 छात्र पढ़ रहे हैं। इन छात्रों को पिछले चार साल से गणवेश नहीं मिला है। ऐसे में पालक खुद के खर्च से गणवेश की व्यवस्था कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यहां पढ़ने वाले कई छात्र गरीब परिवार से हैं। ऐसे में गणवेश की व्यवस्था करना भी उनके लिए कठिन साबित हो रहा है।

### शासन की योजना से छात्र वंचित

प्रदेश सरकार हर साल सरकारी स्कूलों के छात्रों को गणवेश दे रही है। इस साल भी गणवेश का वितरण किया गया है। विडंबना यह है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल भी सरकारी स्कूल है। इसके बाद भी यहां के छात्रों को गणवेश नहीं दिया गया है। जिले के आत्मानंद स्कूलों में 8821 छात्र हैं, जो शासन की इस योजना से वंचित हैं। वहीं इन स्कूलों के लिए किताबें भी पूरी नहीं पहुंची हैं।




### चार साल से फंड नहीं

स्वामी आत्मानंद स्कूलों का गणवेश सरकारी स्कूल के गणवेश से अलग है। इसलिए यहां के लिए अलग से गणवेश बनवाया जाता है। शासन द्वारा इसके लिए स्कूलों को फंड जारी किया जाता था। हर स्कूल को वहां के छात्रों के हिसाब से फंड दिया जाता था। यह फंड इन स्कूलों को पिछले चार साल से नहीं दिया गया है। पालक ही चार साल से गणवेश का बोझ उठाते आ रहे हैं।

### पालकों ने जताई नाराजगी



स्वामी आत्मानंद स्कूल इंग्लिश मीडियम गोकुलपुर में हिन्दी की पुस्तकें अभी तक नहीं आई हैं। सोमवार से त्रैमासिक परीक्षा भी शुरू हो गई है। बिना पुस्तक के छात्र क्या पढ़ेंगे और क्या परीक्षा दिलाएंगे। बिना पुस्तकों के स्कूली विद्यार्थियों की त्रिमासिक परीक्षा आयोजित किया जाना अनुचित है। कुछ छात्रों को पुरानी व फटी पुरानी पुस्तकें वितरित की गई हैं और अधिकांश छात्रों को तो पुस्तकें ही नहीं मिली है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए छत्तीसगढ़ महातारी महिला सेवा संस्थान की महिलाओं ने पुस्तकों की व्यवस्था शीघ्र करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### चर्रा में कबड्डी प्रतियोगिता 4 को

कुरूद। ग्राम चर्रा में जय मां दंतेश्वरी समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दंतेश्वरी चौक चर्रा में 4 सितंबर गुरुवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 7000, तृतीय 5000, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रुपए प्रदान किया जाएगा। विजेता टीम को सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी ध्रुव द्वारा शील्ड एवं मेडल दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 300 रूपए है।




# लो-वोल्टेज, बिजली कटौती से देवरी के ग्रामीणों में आक्रोश

- विद्युत शाखा छाती के मुख्य कर्मचारी के खिलाफ शिकायत
- नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम देवरी व बोदाछापर के ग्रामीण पिछले सात माह से बिजली की समस्या से परेशान हैं। सोमवार को देवरी के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर विद्युत शाखा छाती के मुख्य कर्मचारी पर घोर लापरवाही करने तथा स्वेच्छाचारिता की शिकायत कलेक्टर से की है।

ग्राम पंचायत देवरी सरपंच मनोज चंद्राकर सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र में कहा है कि विद्युत शाखा छाती अंतर्गत ग्राम देवरी तथा बोदाछापर में बिजली की समस्या को लेकर पिछले सात माह से ग्रामीण हलाकान हैं। 24 घंटे में कुछ ही घंटे बिजली प्राप्त होती है। इससे ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान को लेकर लोग उप शाखा कंडेल पहुंचे जहां छाती के मुख्य कर्मचारी द्वारा बिजली सप्लाई बंद कराना बताया गया।

सरपंच मनोज चंद्राकर ने बताया कि गांव में लो वोल्टेज की समस्या पर नए ट्रांसफार्मर के लिए पंचायत के माध्यम से सारा दस्तावेज विद्युत शाखा छाती में जमा कराया गया है। महीनों बीतने के बाद भी नए ट्रांसफार्मर की कोई सुविधा नहीं मिली। उन्होंने बताया कि पिछले चार माह से मोबाइल टावर को घरेलू कनेक्शन वाले ट्रांसफार्मर से जोड़कर बिजली दी जा रही है जिससे लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों ने लापरवाह एवं स्वेच्छाचारिता पूर्ण कार्य करने वाले विद्युत शाखा छाती के मुख्य कर्मचारी पर कार्रवाई तथा सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई एवं नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### घटुला हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम घटुला के शीतला देवी शासकीय हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की मांग शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से की है। ग्रामीणों ने कहा कि हायर सेकेंडरी सुविधा मिलने से छात्र-छात्राओं को दूरस्थ स्थानों पर पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल बेलरगांव महामंत्री मोनू साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, कीर्ति कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू एवं परमेश्वर साहू उपस्थित थे।

### तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक 3 को

कोर्रा(भखारा)। तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक गुरूदयाल साहू की अध्यक्षता में 3 सितंबर को मनोरंजन भवन बाजार चौक ग्राम भेंडरवानी में होगी जिसमें संघ के महत्वपूर्ण मुद्दों एवं ग्राम पटलों के अधिकार पर चर्चा की जायेगी। भखारा तहसील के पदाधिकारी एवं ग्राम पटेलों से उपस्थिति की अपील की गई है।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# खाद की कमी, आप ने दी आंदोलन की चेतावनी

- निजी दुकानों में डीएपी 2200, यूरिया 1200 रुपए बोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आप आमदी पार्टी ने जिले में डीएपी, यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति तथा खाद की कालाबाजारी रोकने की मांग कलेक्टर से की है। आप के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव, उपाध्यक्ष सत्यम गोस्वामी, राजनंदन सिन्हा, नीरज साहू, गंगाधर साहू, ललित नागरची, संजय सिन्हा, थानेश कुमार आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सोसाइटियों में डीएपी तथा यूरिया खाद की कमी से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निजी दुकानों से डीएपी 2200 रुपये तथा यूरिया 1200 रुपये में खरीदने की मजबूरी है। यह राज्य सरकार के लिए शर्मनाक स्थिति है। कृत्रिम कमी दिखाकर किसानों को यूरिया खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। यह निजी विक्रेताओं को लाभ पहुंचाकर उनसे मोटा कमीशन लेने का तरीका है। यूरिया आपूर्ति नहीं होने पर फसल की पैदावारी में कमी आएगी। कर्ज लेकर खेती करने वाले किसान आत्महत्या को मजबूर होंगे। किसानों की परेशानी दूर नहीं होने पर आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदारी राज्य शासन की होगी।



# एनएचएम कर्मचारियों ने संविदा कुप्रथा का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- अनिश्चितकालीन हड़ताल का 15वां दिन

छग एनएचएम संघ का पखवाड़े भर से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। हड़ताल के 15वें दिन आंदोलनरत कर्मचारियों ने संविदा कुप्रथा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

एनएचएम कर्मचारी संघ जिला इकाई धमतरी के संयोजक ओमप्रकाश मत्स्यपाल ने बताया कि संविदा कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 15 दिन खत्म होने के बाद भी सरकार द्वारा हमारी मांगों के संबंध में कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किया है। इसके बजाय शासन द्वारा हमारे साथियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। इसके विरोध में सोमवार को जिला इकाई धमतरी द्वारा धरनास्थल गांधी मैदान में संविदा कुप्रथा, आर्थिक शोषण, सामाजिक सुरक्षा में भेदभाव, मानसिक प्रताड़ना, सीआर खराब करने की धमकी, नौकरी से निकालने की धमकी, नियमितीकरण की वादाखिलाफी का पुतला दहन कर हड़ताली कर्मचारियों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुप्रथा के दंश का धरनास्थल पर प्रदर्शन किया।

6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ बिजली उपभोक्ता संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे एसोसिएशन के जितेंद्र साहू, विनय यादव, डारेंद्र कुमार, कमलनारायण, सोमिन साहू, तेजपाल, पंकज साहू, डेविड कुर्रे ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि आसमान छूती महंगाई के बीच बिजली उपभोक्ताओं को बिजली हाफ योजना के तहत छग राज्य में 400 यूनिट तक मिलने वाली 50 प्रतिशत की छूट को अगस्त माह में बंद कर दिया गया है। घरेलू बिजली बिल में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट दर बढ़ा दी गई है। 100 यूनिट तक छूट का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या काफी कम है। बिजली ग्रिड के आधुनिकीकरण की आड़ में स्मार्ट मीटर लगाने एवं सिस्टम अपग्रेड कराने के नाम पर निजी कंपनियों कों लाभ पहुंचाया जा रहा है। बिजली संसोधन विधेयक 2022 एवं स्मार्ट मीटर के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन हो रहा है। एसोसिएशन ने 6 सूत्रीय मांगों में कहा है कि 100 यूनिट की बजाय 400 यूनिट खपत कर 50 प्रतिशत की छूट, प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक कानून 2022 को अविलंब वापस लेने, बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर में दिन में लगने वाले अलग-अलग टैरिफ चार्ज को रद्द करने की मांग की गई है।



## खबर संक्षेप



### श्री गणेशजी की स्थापना बच्चों ने उत्साह से किया

**अंतागढ़।** नगर के बस स्टैंड में इस वर्ष स्थानीय बच्चों द्वारा गणेश चतुर्थी पर गणेश की मूर्ति की स्थापना किया गया, जिससे मुहल्ले के बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चों द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम विधिवत पूजा व आरती कर मुहल्ले में प्रसाद वितरित किया जा रहा है। बच्चों के पालक व मुहल्लेवासी गणेश पंडाल पहुंचकर भगवान गणेशजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं साथ ही बच्चों के इस प्रयास के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

### उमा विद्यालय अरौद की छात्रों को मिली सायकिल

**चारामा।** शासकीय उमा विद्यालय अरौद में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9 वी में अध्ययनरत 16 छात्रों को जनपद सदस्य चिंताराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वेदराम सेन, रुपेश मरकाम ग्राम पंचायत अरौद एवं पालक गण की उपस्थिति में सायकल का वितरण किया गया। जनपद सदस्य ने कहा कि सायकल सिर्फ लड़कियों को प्रदान की जा रही ताकि बालिका शिक्षा की बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य जनक लाल ठाकुर, संकुल समन्वयक एलआर जैन, मेरी ऊषा लकड़ा, हरीशचंद्र कांगे, वीणा ठाकुर, दीपक पटेल, योगेश कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार दुबे, उदिता भोयर, जमुना यूके, शिव लाल उसेंडी, आदि शिक्षक

### कर्मचारियों ने खोला प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा, आज से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

# पालीटेक्निक कॉलेज से उठी विरोध की लहर पूरे प्रदेश में फैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी पालीटेक्निक कॉलेज से उठी विरोध की आग पूरे प्रदेश में फैल गई है। धमतरी के साथ पूरे प्रदेश के पालीटेक्निक कालेज में प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने धमतरी के प्राचार्य को हटाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त कई अन्य मुद्दों पर भी आवाज बुलंद की। सोमवार को धमतरी में एक दिवसीय प्रदर्शन हुआ। आज से पालीटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी, प्रोफेसर गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।



सोमवार को सुबह से कर्मचारी काम बंद कर प्रदर्शन करने लगे थे। कर्मचारियों ने बताया कि धमतरी के भोपालराव शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। दो साल से वे कर्मचारियों के साथ दुर्व्यहार कर रहे हैं। दो कर्मचारियों को बिना किसी कारण के उन्होंने निलंबित कर दिया है। न तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और न ही गलती बताई गई। नियम विरूद्ध तानाशाही तरीके से कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। कर्मचारियों का वेतन भी बिना कारण के रोक दिया गया है। यही नहीं आए दिन वे कर्मचारियों को अंग्रेजी में अभद्र गालियां देते हैं। लंबे समय से कर्मचारी उनकी इन हरकतों को झेलते आ रहे थे लेकिन अब उनके सब्र का बांध टूट गया है। कर्मचारियों ने इसकी शिकायत फेडरेशन की। इसके बाद प्राचार्य के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ पूरे प्रदेश में विरोध की लहर फैल गई। धमतरी में महासमुंद, गरियाबंद सहित कई जिलों से कर्मचारियों आकर प्रदर्शन में भागीदारी की। पूरे प्रदेश के पालीटेक्निक कॉलेज में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी का आक्रोश थमा नहीं है। मंगलवार से वे गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शन करने वालों में व्याख्याता संदीप सिंह, कर्म निर्देशक आरएन ध्रुव, व्याख्याता हर्षल मोहले, विनोद सांगोड़े, पंकज छलौत्रे, चंदूलाल चंद्राकर, मुकेश पांडे, अमित मिश्रा, चंद्रेश कुमार देशमुख, कवर्धा से राजू खलखो, मुंगेली से हरदेव सिंह, रविंद्र पोर्ते, बिलासपुर से अनिल श्रीवास, शंकरलाल माथुर, जीएस श्रोते, जयप्रकाश, एमएल मरकाम सहित बड़ी संख्या में पालीटेक्निक कालेज के कर्मचारी शामिल थे।

**हुई उच्चस्तरीय जांच**

इस मामले की शिकायत कर्मचारियों ने उच्चस्तर पर की है, जहां से एक टीम ने मामले की जांच भी की है। जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। इसके अतिरिक्त पुलिस थाने में भी रिपोर्ट लिखाई गई है। कर्मचारियों को अपमानित और प्रताड़ित करने वाले प्राचार्य पर एफआईआर दर्ज की जाए। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है, वे आंदोलन पर डटे रहेंगे।

## छिपली में टिन शेड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत छिपली के शीतला मंदिर परिसर में विधायक निधि से स्वीकृत टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि टिन शेड निर्माण से ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू, सरपंच लीकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच घेवरचंद साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व सरपंच गणेशराम नागर्ची एवं सूबेलाल कोसरे ने भी संबोधित किया। मौके पर टिकेश नवरंग, सुयश लहरे, कर्ण कोसरे, डमरु सोम, दिनेश बंजारे, भोजराम बोरघरिया, रम्भाबाई कोसरे, कमलेश्वरी सोम, ईश्वरी कोसमा, सारिका कश्यप, रूप कश्यप, मिराज साहू, टिकेश बंजारे सहित अनेक ग्रामवासी शामिल हुए।

## गुदगुदा में हुई फसल सुरक्षा के लिए गर्भ पूजा, सत्यनारायण कथा

- खेतों में चीला रोटी चढ़ाने की परंपरा निभाई गई सभी प्रमुख देव स्थलों की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम गुदगुदा में फसल रक्षा एवं समृद्धि की मंगलकामना के साथ गर्भ पूजा एवं सत्यनारायण कथा का आयोजन हुआ। परंपरागत सवनाही पूजा की यह अनोखी लोक परंपरा सावन माह के पहले रविवार से शुरू होकर लगातार पांच रविवार तक चलती है। इस दौरान प्रत्येक रविवार को गांव में कृषि कार्य पूरी तरह बंद रहता है और अंतिम रविवार को विशेष रूप से खार पूजा, गर्भ पूजा एवं सत्यनारायण कथा का आयोजन होता है। ग्रामीण परंपरा के अनुसार खेत में गर्भस्थ फसलों को माता अन्नपूर्णा का स्वरूप मानकर उसकी पूजा की जाती है। इस अवसर पर खेतों में चीला रोटी चढ़ाने की परंपरा निभाई गई और गांव के सभी प्रमुख देव-धामी स्थलों पर पूजा-अर्चना की गई। सामूहिक अनुष्ठान के माध्यम से किसानों ने भरपूर पैदावार, गांव की खुशहाली और प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा की कामना की। कथा पूजन पं. सतीश शर्मा ने किया।



इस अवसर पर भानुराम साहू, सनातन साहू, ओंकार साहू, संतोष साहू, रविशंकर साहू, केवलराम साहू, गोकुलराम ध्रुव, चंद्रहास साहू, सेवकराम साहू, चंदन सोनकर, टेकराम साहू, पीताम्बर साहू, वासुदेव साहू, गोवर्धन सेन, विष्णु साहू, नानक साहू, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा और उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना में भाग लिया।

## सिवनीकला स्कूल के छात्र का राज्य स्तरीय क्रिकेट में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

25वीं शालेय क्रीड़ा अंतर्गत शास. उच्च. माध्य. विद्यालय सिवनीकला के कक्षा 12वीं के छात्र नरेंद्र पिता भोजराज का चयन अंडर 19 क्रिकेट में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

खेल शिक्षक जेके साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 1 से 4 सितंबर तक होगी। छात्र के चयन पर प्राचार्य टीआर पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनएस साहू, श्रीमती पी. ठाकुर, श्रीमती आर. कोसरे, श्रीमती एस. मारकण्डे, श्रीमती टी. साहू, आर. पैकरा, कुसुमलता साहू, डीके धीवर, डीडी निर्मलकर, डीआर बंजारे, केके गायकवाड़, एचके साहू, एके साहू, जेके साहू, प्रकाशचंद यादव, माध्यमिक शाला एचएम श्रीमती एल. साहू, डीके साहू, श्रीमती एम. नरेटी, एस. साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, सांसद प्रतिनिधि सुशील साहू, विद्यालय प्रतिनिधि कपिल पटेल, सरपंच श्रीमती लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, सुरेश तारक ग्राम पटेला, विक्रम साहू, दिलीप साहू, सुरेश साहू, खिलावन चंद्राकर, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू, श्रीमती ज्योति साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जय हो विघ्नहर्ता गणेश ...



धमतरी : यादव परिवार गणेशोत्सव समिति बनियापारा धमतरी।

## सफल होने के लिए जीवन में लक्ष्य का निर्धारण जरूरी : गौकरण

- हाईस्कूल कठौली में हुआ एलुमिनी मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौली में एलुमनी मीट का आयोजन 30 अगस्त को किया गया। इस अवसर पर शाला में पढ़े भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। प्रत्येक विद्यार्थी का शाला परिवार ने अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों को अपनी





मातृभूमि के लिए शिक्षा और संस्कार के साथ संगठित होकर काम करना होगा। बच्चों को आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित किया। बताया कि जीवन में एक लक्ष्य निर्धारण किया जाए तो इंसान के सफल होने की संभावना बढ़ जाती हुआ। सभी छात्रों को नियमित विद्यालय आने, सभ्य और संस्कारी बनने, माता-पिता, गुरुजनों की बातों को अपने जीवन में चरितार्थ करने, ज्ञान अर्जन करने सहित योजनाबद्ध लक्ष्य अर्जित कर बेहतर इंसान बनने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमराज साहू सरपंच कठौली ने की। विशेष अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य थे।

## अमलीडीह में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में विघ्नहर्ता युवा गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता 2 सितंबर को रखी गई है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता कविता बाबर जिपं सदस्य धमतरी होंगी। विशिष्ट अतिथि नीलमणि साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा, नोमिन साहू सरपंच अमलीडीह, टकेश्वर साहू उपसरपंच, दीनानाथ साहू विधायक प्रतिनिधि, जगदीशराम



साहू, गुलाबराम साहू, रामस्वरूप साहू सचिव होंगे। रात्रि 10 बजे अन्य अतिथियों का भी इस मंच में आगमन होगा। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता अमन राव भाजपा मंडल अध्यक्ष रांवा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सोमप्रकाश राजू चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जपं धमतरी, मुरारी यदु अध्यक्ष कृषि साख समिति कुर्रा, मानिकराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, अनिलराव शिंदे सरपंच सिलौटी, शिवदयाल साहू पूर्व सरपंच अमलीडीह होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि गीतेश्वरी हेमंत साहू जपं अध्यक्ष कुरूद होंगे। अध्यक्षता सविता गंजीर पूर्व सरपंच जोरातराई करेंगी। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र भेंसले पूर्व सरपंच हसदा, दयालुराम साहू शिक्षक, डॉ. ओंकार साहू, छन्नूलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज अमलीडीह, जयंत निर्मलकर, रोहित ढीमर, झाड़ूराम साहू, पवन साहू रोजगार सहायक होंगे।

कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष चंदन साहू, उपाध्यक्ष हिमांशु साहू, सचिव ज्ञानचंद साहू, सहसचिव टकेश साहू, संरक्षक जितेंद्र साहू समेत अन्य जुटे हैं।

## छात्रों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का लिया संकल्प





- जीजामगांव कालेज में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में दाउ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव परिसर में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सीआर यदु ने किया। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा दर्रो एवं पृथ्वीराज साहू भी उपस्थित थे। कुल 90 छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती डॉ. शीला शर्मा प्रांत सह संयोजक ने विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने तथा स्वदेशी अपनाने पर प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया। चिराग यादव रायपुर जिला प्रशिक्षक एवं श्याम शर्मा ने भी अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे और विदेशी वस्तुओं का त्याग करेंगे।

## जितेंद्र को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

- बस्तर महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में समाजसेवी जितेन्द्र कुमार साहू को मुख्य अतिथि बस्तर के राजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव ने छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान प्रदान किया। खिसोरा निवासी जितेंद्र कुमार साहू पेशे से शिक्षक हैं। जिला स्काउट एवं गाइड के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। कोरोनाकाल के समय विशेष कार्य के अलावा,




नियमित रक्तदान के साथ रक्तदान शिविरों में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में नवीन अग्रवाल जिपं अध्यक्ष रायपुर, पद्मश्री अनूप रंजन पांडे, पद्मश्री कुमारसिंह कंवर एवं शिखर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ मन्नू चेलक उपस्थित थे। उन्हें छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान मिलने पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### कलेक्टर से तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभागीय सहयोग की मांग

# कुरूद सरपंच संघ चलाएगा मेरा गांव मेरा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेरा गांव मेरा अभियान को लेकर सरपंच संघ कुरूद ने तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभागीय सहयोग की मांग कलेक्टर से की है।

सरपंच संघ जनपद कुरूद के अध्यक्ष हरिशंकर साहू, संरक्षक टिकेश साहू, सचिव चेतन देवांगन, मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि कुरूद जनपद पंचायत के 108 सरपंचों के सामूहिक प्रयास से एक जनजागरण अभियान मेरा गांव मेरा अभियान प्रारंभ करने का



निर्णय लिया है। इस अभियान गांव स्तर पर महिला कमाण्डो एवं ग्रीन आर्मी की भागीदारी में संचालित करने का प्रस्ताव रखा गया है। अभियान के तहत जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आधारित कार्य योजना, कचरा संग्रहण, प्लास्टिक मुक्त गांव एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, नशामुक्ति एवं स्वच्छता निगरानी समिति का गठन, महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करना, युवा स्वयंसेवकों द्वारा पौधों की देखरेख, स्वच्छता पर सतत निगरानी, मोहल्लों में व्यवहार परिवर्तन जागरूकता, वन विभाग के तकनीकी, मार्गदर्शन में प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धारित क्षेत्रवार पौधरोपण कर ग्रीन कॉरिडोर की स्थापना का अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। सरपंच संघ ने इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए अनुमति तकनीकी मार्गदर्शन एवं विभागीय सहयोग दिलाने कलेक्टर से आदेश जारी करने की मांग की है।

# मैनपुर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने मनाया नवाखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम मैनपुर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के लोगों ने परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ नवाखाई पर्व मनाया। इस अवसर पर समाजजनों ने सबसे पहले बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर नई फसल के अन्न को अर्पित किया और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समाज प्रमुख हरिराम ध्रुव, रमेश नेताम, घासुराम मरकाम, देवसिंग ध्रुव, नंदकिशोर ध्रुव, श्रीराम मरकाम, मनोज नेताम, किसुन मरकाम, छविराम मरकाम,



उत्तम मरकाम, गुलशन ध्रुव समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामवासी एकजुट होकर नई फसल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए परंपरा का निर्वाह करते नजर आए।

## खबर संक्षेप



### छाती में गणेशोत्सव की धूम

**धमतरी।** नवदुर्गा गणेशोत्सव समिति बाजार चौक छाती में गणेश महोत्सव की शुरुआत उत्साह और श्रद्धा के साथ हुई। छाती के बाजार चौक में हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेशजी की मूर्ति की स्थापना की गई। तामेश साहू ने बताया कि श्री गणेश महोत्सव 11 दिनों तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शुभम यदु, प्रमोद चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, तामेश साहू, सत्यव्रत चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, ओंकार कंवर, केदार साहू, भावेश साहू, गोलू चंद्राकर, अमन चंद्राकर, लक्की चंद्राकर, मोंटी चंद्राकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना में लीन है।

### अलबेलापारा में कल डीजे डांस प्रतियोगिता

**कांकेर।** एक दिवसीय रात्रिकालिन राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 3 सितंबर श्रीश्री विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति सांस्कृतिक भवन अलबेलापारा कांकेर के द्वारा रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल व एकल नृत्य में प्रथम, द्वितिय व त्रितिय आने वाले प्रतिभागी को अलग अलग पुरूष्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### मालगांव में पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम मालगांव में 2 सितंबर दिन मंगलवार को नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनीन पर्व के पावन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पंडवानी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोककला पंडवानी का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। मालगांव में हर वर्ष नवाखाई पर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार विशेषता यह है कि ठाकुर जोहारनीन पर्व के साथ इसका संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। पर्व की शुरुआत सुबह से ही पूजा-अर्चना और देवता को नवा अन्न अर्पित कर किया जाएगा।

### कोचिए के कब्जे से अंग्रेजी शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत चोरिया निवासी चंद्रशेखर कोर्राम के कब्जे से पुलिस ने अंग्रेजी शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंद्रशेखर कोर्राम 31 अगस्त को अपने कब्जे में 21 पौवा जिप्सी व्हिस्की शराब को अवैध रूप से रखा हुआ था और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर छापामार कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा गया व उसे के कब्जे से शराब को जप्त कर धारा 34 (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवचेना में लिया गया।

**रजत महोत्सव : कृषकों ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाया**

# पिछले 25 वर्षों में धमतरी जिले की कृषि व्यवस्था ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





वर्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2025 तक धमतरी जिले की कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले के कृषकों ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाया, सिंचाई सुविधाओं का अधिकतम उपयोग किया तथा शासन की योजनाओं से लाभान्वित होकर उत्पादन और क्षेत्रफल दोनों में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन जिले की कृषि क्षमता और किसानों की मेहनत का जीवंत प्रमाण है।

सबसे पहले अनाज एवं धान्य फसलों की स्थिति पर दृष्टि डालें तो खरीफ फसल का रकबा जहां वर्ष 2000 में 1,37,575 हेक्टेयर था, वहीं वर्ष 2025 में यह लगभग स्थिर रहते हुए 1,35,886 हेक्टेयर दर्ज किया गया। यह दर्शाता है कि धान जिले की मुख्य खरीफ फसल के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखा हुआ है। इसके विपरीत रबी फसल का क्षेत्र 40,930 हेक्टेयर से बढ़कर 60,620 हेक्टेयर हो गया है, जो 48.11 प्रतिशत की वृद्धि को इंगित करता है। यह वृद्धि जिले में रबी फसलों की लोकप्रियता और किसानों द्वारा आधुनिक सिंचाई साधनों के उपयोग का प्रत्यक्ष परिणाम है। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जिले की कृषि उन्नति का सबसे मजबूत आधार साबित हुआ है। वर्ष 2000 में खरीफ का सिंचित क्षेत्र 87,390 हेक्टेयर था, जो बढ़कर 1,20,026 हेक्टेयर हो गया। यह 37.35 प्रतिशत की वृद्धि है। रबी में तो और भी बड़ी छलांग लगाई गई है। यहाँ सिंचित क्षेत्र 32,500 हेक्टेयर से बढ़कर 74,490 हेक्टेयर हो गया है, जो 129.20 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्शाता है। यही कारण है कि जिले में रबी फसलों की उत्पादकता और स्थिरता दोनों में इजाफा हुआ है। किसानों की आय संवर्धन के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जिले के 1,02,036 कृषक सीधे लाभान्वित हुए हैं।

पिछले 25 वर्षों में धमतरी जिले की कृषि व्यवस्था ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। रबी फसल, दलहन एवं तिलहन उत्पादन, सिंचाई विस्तार, जैविक खेती और समर्थन मूल्य पर उपार्जन जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हुई है बल्कि कृषि क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हुआ है। खरीफ 2025 की फसल क्षेत्राच्छादन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जिले की कृषि उपलब्धियों का नया अध्याय और सशक्त रूप से सामने आएगा।

## छाती सोसाइटी में दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक उत्कृष्ट किसान, बुजुर्गों का हुआ सम्मान



■ किसानों को समिति द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी(धमतरी)

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती के मंडी प्रांगण में किसानों को समिति द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। चॉइस सेंटर केंद्र, माइक्रो एटीएम, पैक्स कम्प्यूटरीकरण, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, इफको एमसी की सुविधा सहित अल्पकालीन, मध्यमकालीन, दीर्घकालीन ऋणों की भी सुविधा साधारण ब्याज दर पर छाती समिति में दी जा रही है। पुराने कार्यालय का पुनरुद्धार सौंदर्यीकरण करते हुए राशन दुकान छाती के सामने शेड निर्माण किया गया है।

कार्यक्रम में अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, श्रीमती रंजना साहू प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष, रायपुर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास, नोडल अधिकारी बलरामपुरी गोस्वामी धमतरी, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू धमतरी, छाती सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, संतोष चंद्राकर, नेहरू निषाद पिछड़ा आयोग अध्यक्ष, मिश्रीलाल पटेल भोथली मंडल अध्यक्ष, समितियों के अध्यक्ष, प्रबंधक, बैंक कर्मचारी, लालबहादुर सिंह कृषि वैज्ञानिक बोड़रा, शाखा मैनेजर, सुपरवाइजर, समिति प्रबंधक, समिति अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट किसान, बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधक ने किया। अध्यक्षता ललित कुमार साहू समिति छाती ने की। उक्त जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

## जगदलपुर में सम्मानित हुए शारदा प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा नगरी निवासी शारदाप्रसाद ग्वाले अध्यक्ष कोसरिया धोबी समाज छग ओडिशा राज को सर्व समाज समन्वय महासभा छग द्वारा जगदलपुर में आयोजित प्रांतीय बैठक में प्रांत निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जगदलपुर महापौर संजय पांडे, सर्व आदिवासी समाज प्रमुख नेता राजाराम तामेड एवं अन्य समाज प्रमुख बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव वशिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा छग ने किया।

## कुशल संसाधन एवं प्रभावी गवर्नेंस के क्रियान्वयन को लेकर एकजुट हुए शिक्षक

■ अकादमिक गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संकुल को दी जायेगी स्वायत्तता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सेजेस सिंगपुर अंतर्गत संकुल सिंगपुर एवं संकुल खड़मा के अधीन 13 प्राथमिक एवं 4 माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों के साथ स्कूल काम्प्लेक्स के माध्यम से कुशल संसाधन और प्रभावी गवर्नेंस के क्रियान्वयन के लिए बैठक प्राथमिक शाला अंजोरा में हुई। इस बैठक में संकुल के प्राचार्य डॉ. व्हीपी चन्द्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दर्शित स्कूल कॉप्लेक्स क्या, क्यों, कैसे पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अंतर्गत संज्ञानात्मक एवं सह संज्ञानात्मक गतिविधियां, समझ आधारित , गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल आधारित शिक्षण, नवाचार, शोध, आईसीटी, संसाधनों का लर्निंग में अधिकतम उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अकादमिक गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संकुल को स्वायत्तता दी जाएगी जिसकी तैयारी शासन स्तर पर की जा रही है। अब एक संकुल के अधीन समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों का निर्धारण एवं क्रियान्वयन स्कूल काम्प्लेक्स के माध्यम से ही किया जाएगा। इसके लिए सभी शिक्षकों को तैयार रहने की जरूरत है। स्कूल काम्प्लेक्स की इस बैठक में प्राथमिक शाला सिरकट्टा के शिक्षक टिकेश्वर ध्रुव एवं प्राथमिक शाला सिंगपुर के शिक्षक योगेश ध्रुव द्वारा हिंदी एवं पर्यावरण विषय के पाठ का प्रदर्शन किया गया, जिसे सेजेस सिंगपुर की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। स्कूल काम्प्लेक्स की आगामी बैठक प्राथमिक शाला कासरवाही में की जाएगी जिसमें दो शिक्षकों द्वारा किये गए नवाचार एवं दो पाठ शिक्षण की प्रस्तुति की जाएगी। बैठक में सभी शिक्षकों ने स्कूल काम्प्लेक्स की अवधारणा को साकार करने का संकल्प लिया।

**कुरुद में हुई पांच जिलों के गायत्री परिवार की बैठक में लिया गया निर्णय**

## पांच जिलों के 24 हजार घर में होगी देव स्थापना

■ बस्तर में बाढ़ पीड़ितों के लिए 43745 रुपए भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में उपजोन रायपुर के पांच जिलों रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद एवं बलौदाबाजार की बैठक मंगल भवन कुरुद में हुई। छग जोन प्रभारी शांतिकुंज सुखदेव निर्मलकर एवं जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा ने परिजनों से कहा कि माताजी जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में पांच जिलों के 24 हजार नए परिवारों में देव स्थापना करना, भासंज्ञा परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शामिल कराना, सत संकल्प पाठ को शाला एवं ग्राम पंचायतों से जोड़ने के साथ नशा मुक्ति के लिए जागरुकता अभियान में जुट जाना है। उपजोन समन्वयक सीपी साहू, संगठन प्रभारी एमएल साहू एवं जिला महिला प्रमुख श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने भी अपने विचार रखे। पांचों जिले के जिला समन्वयकगण दिलीप नाग, लच्छूराम निषाद, टीकम साहू, बोध राम साहू एवं कौशल प्रसाद साहू ने अपने-अपने जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस दौरान कुरुद ब्लाक के 12 वरिष्ठ परिजनों का मंत्र चादर एवं श्री फ़ल भेंटकर सम्मान किया गया। बस्तर में बाढ़ पीड़ितों के लिए धमतरी जिले की ओर से तात्कालिक सहयोग राशि 43745 रुपए भेजे गए। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश साहू ब्लाक सह समन्वयक एवं बंशीलाल यदु ब्लाक समन्वयक व आभार प्रदर्शन श्रीमती साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ कुरुद ने किया।

## स्नेहा ने नीट में सफलता हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



हौसले यदि बुलंद हो और हिम्मत न हारने का संकल्प हो तो अभाव और बाधाओं की क्या औकात है। इस वाक्य को चरितार्थ करती पचरीपारा कुरुद निवासी अजय देवांगन और बबीता देवांगन की पुत्री स्नेहा देवांगन ने नीट की परीक्षा में बाजी मारकर एमबीबीएस में जगह बनाने में सफलता पाई है। निम्न, मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मी स्नेहा के पिता अजय देवांगन थ्रेड हाउस की दुकान चलाते हैं और माता बबीता सिलाई कढ़ाई का काम सिखाती हैं। दादा स्व. टेकराम देवांगन आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। उसके बाद एक पीढ़ी इस फील्ड से पृथक हो गई थी। एक बार फिर अपने दादाजी के सपनों को साकार करने स्नेहा ने कड़ी मेहनत की और पहली बार में बीएएमएस में जगह बनाई। नीट परीक्षा में बेहतर अंक लाकर एमबीबीएस में जगह बना ली। उन्हें कोरबा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिला है।

## 150 स्वयंसेवकों ने 15 किमी नशा उन्मूलन जागरुकता साइकिल यात्रा निकाली



■ भोथली, सांकरा, कंडेल, पीपरछेड़ी में हुआ स्वागत, दिया नशामुक्त समाज बनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल, सेजेस कंडेल एवं शास. उच्च. माध्य. विद्यालय भोथली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब, स्काउट गाइड तथा विवेकानंद यूथ सर्किल धमतरी के लगभग 150 स्वयंसेवकों ने 15 किलोमीटर नशा उन्मूलन जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली। कंडेल के गांधी उद्यान में महात्मा गांधी एवं बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा की पूजा के बाद सरपंच गिरधर सार्वा, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी धमतरी शाखा के चेयरपर्सन श्रीमती प्राप्ति वासानी, यतीशभूषण श्रीवास्तव, धनेंद्र साहू, ओंकार नेताम ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाई।

साइकिल यात्रा भोथली पहुंची। यहां भोथली सरपंच श्रीमती शिवयात्री ध्रुव ने स्वागत किया। यहां से भोथली स्कूल के स्वयंसेवक इस यात्रा में जुड़े। इसके बाद साइकिल यात्रा ग्राम सांकरा पहुंची, जहां सरपंच उदयराम साहू ने साइकिल यात्रा में सम्मिलित स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पीपरछेड़ी में साइकिल यात्रा का स्वागत सरपंच मीता कौशिक ने किया। यात्रा का समापन ग्राम कंडेल में हुआ। सेजेस कंडेल के प्राचार्य राहुल नेताम ने नशा उन्मूलन जागरूकता के संबंध में प्रेरक संदेश दिए। कंडेल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रविश दास ने विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित किया। सहायक प्राध्यापक संजय पवार एवं स्वयंसेवकों ने सिगरेट पीने से होने वाली घातक बीमारी के संबंध में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। यह आयोजन कंडेल महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा, सेजेस कंडेल के कार्यक्रम अधिकारी सीएल धीवर, भोथली स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू, राकेश साहू, संजय पवार, टिकेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

**एसपी ने जिले के अधिकारियों की क्राइम मीटिंग लेकर अपराधों की समीक्षा की**

# लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारियों व विवेचकों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



क्राईम मीटिंग में अपराधों की समीक्षा के दौरान एसपी ने लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को कारण बताओ जारी किया है। वहीं रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की तरह गणेशोत्सव को भी दुर्घटना शून्य करने के संबंध में निर्देश दिया गया है।

पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में एसपी सूरजसिंह परिहार की अध्यक्षता में जिला पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में पीएचक्यू और आईजी कार्यालय के निर्देशों का पालन करने की समीक्षा करते हुए जिले में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा व कानून व्यवस्था की स्थिति पर विस्तार से चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से लंबित अपराध, चालान और मर्ग की समीक्षा, लंबित महिला संबंधी अपराधों के त्वरित निराकरण के निर्देश, लंबित समंस, वारंट और स्थायी वारंट की स्थिति पर चर्चा, शिकायतों, प्रारंभिक जांच एवं विभागीय जांच की समीक्षा की गई।

इसी तरह चाकूबाजी, नशा, आर्म्स एक्ट, जुआ-सट्टा पर कार्यवाही की तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई।

निगरानी गुंडा बदमाशों की सूची, नई फाइल खोलने व जिलाबदर के लिए चिन्हांकन पर चर्चा की गई। बैठक में होटल-ढाबा संचालकों और गौ तस्करी पर रोकथाम के संबंध में निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान एसपी ने लापरवाही बरतने वाले 13 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बैठक में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, एएसपी एसडीओपी नगरी शैलेंद्र कुमार पांडे, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित सभी थाना व चौकी प्रभारी, अजाक प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, यातायात प्रभारी, महिला सेल प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी सहित समस्त शाखा के प्रभारी शामिल रहे।

### त्योहारों को लेकर दिए दिशा-निर्देश

आगामी गणेश विसर्जन एवं ईद मिलाद उन नबी के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एसपी ने पुलिस को विस्तृत रूप से निर्देशित किया है। जिसमें जुलूस मार्गों का चिन्हांकन और निर्धारित समय का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। गणेश विसर्जन के दौरान शाम को भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए थाना व चौकी प्रभारी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें व किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश दिए गए। गुंडा व निगरानी बदमाशों के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई अनिवार्य रूप से करने व उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## गज्जू बने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभागार में छत्तीसगढ़ राज्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ की बैठक निशांत दुबे प्रदेश महामंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें संघ के संचालन हेतु नवीन पदाधिकारियों का गठन किया गया।

गज्जू सिन्हा को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष कमलेश रजक, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता साहू, महामंत्री मो. अरमान खान, मंत्री कृष्ण कुमार आडिल, मंत्री श्रीमती आरती ठाकुर, सचिव श्रीमती प्रतिभा साहू, सहसचिव पीकेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सेन, मीडिया प्रभारी महेश्वर ध्रुव, सोशल मीडिया प्रभारी बिजेश्वर साहू, संरक्षक सरोज चंद्राकर बनाए गए।

